नाभिनन्देत मरणं नाभिनन्देत जीवितम्।
कालमेव प्रतीक्षेत निदेशं भृतको यथा॥
संन्यासी न तो मृत्यु की इच्छा करता है और न ही जीवित रहने की कामना। वह बस समय की प्रतीक्षा करता है जैसे कि सेवक अपने स्वामी के निर्देशों का।

अमर उजाला
my city
सुप्रभात
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, विक्रम संवत 2075
सोमवार • 26.11.2018
लखनऊ

03 ट्रायल में ही सीतापुर रूट पर 120 की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन

Lucknow.amarujala.com

न्यूज डायरी

जल संरक्षण को अभियान बनाएं

लखनऊ। कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सुल्तानपुर के निदेशक प्रो. जेपी पांडेय ने जल संरक्षण को एक अभियान के रूप में अपनाने का आह्वान किया है। वे स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) में आयोजित 'सोर्सेज़ ऑफ प्लैनेट एनर्जी, एनवायरमेंटल एंड डिजास्टर साइंस : क्लाइमेट डिस्टरबेंस एंड इट्स ग्लोबल इम्पैक्ट (स्पीड्स-2018)' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि तथा पर्यावरणविद् राजेंद्र सिंह ने किया। कार्यशाला में लगभग 200 शोधकर्ता व वैज्ञानिकों ने भाग लिया तथा लगभग 100 शोधपत्र प्रस्तुत किये गये। कार्यशाला में संस्थान के निदेशक प्रो. मनोज मेहरोत्रा, डॉ. भरत राज सिंह, आदि उपस्थित रहे।